लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन–2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना–800 021, दूरभाष : +91–612–250 4980, फैक्स : +91–612–250 4960, वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांक: BRLPS/Proj-H&N/956/16/ 163 दिनांक: 31.03.2017

प्रेषक,

बालामुरूगन डी. , भा0प्र0 से0,
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-मिशन निदेशक,
लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान,
पटना।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति,
समस्तीपुर।

विषय : गंगा किनारे अवस्थित ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के मद से व्यय की किए जाने के संबंध में।

प्रंसग : इस कार्यालय का पत्रांक 125 दिनांक 03.03.2017 एवं पत्रांक 147 दिनांक 20.03.2017 |

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि गंगा कार्य योजना के अन्तर्गत राज्य के 12 जिलों के 61 प्रखण्डों में गंगा किनारे अवस्थित 307 ग्राम पंचायतों के चिन्हित 473 गाँवों को खुले में शौच से मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

प्रासांगिक पत्र के आलोक में गंगा किनारे अवस्थित ग्राम पंचायतों (ग्रामों) में गंगा कार्य योजना के मद में दी गयी राशि से ही व्यय किया जाना है। गंगा कार्य योजना के अन्तर्गत चिन्हित ग्राम पंचायतों में यदि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के मद से राशि व्यय की गयी है तो उक्त राशि को गंगा कार्य योजना के मद में उपलब्ध राशि से Recoup किये जाने से संबंधित प्रतिवेदन किसी भी जिले से प्राप्त नहीं है।

गंगा कार्य योजना मद में नये आवंटन के उपरांत उक्त ग्राम पंचायतों में इसी मद से राशि व्यय किया जाना है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के मद से हुए व्यय को गंगा कार्य योजना के मद में उपलब्ध राशि से Recoup कर लिया जाना है जिसे पत्रांक 46 दिनांक 21.12.2016 में दिए गए निदेश के अनुरूप किया जाना है।

कृपया इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

विश्वासभाजन,

31/03/17

(बालामुरूगन डी.)

ज्ञापांक : BRLPS/Proj-H&N/956/16/ 163 दिनांक : 31.03.2017

प्रतिलिपि – सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

31/03/17

(बालामुरूगन डी.)